**आईसीएमआर- राष्ट्रीय मलेरिया अनुसंधान संस्थान**

**भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग)**

**सैक्टर-8, द्वारका, नई दिल्ली- 110077, भारत**

टेलीफोन:+91-11-25307103, 25307104, 25361092, 25361093

वैबसाईट : www.nimr.org.in, nimr.icmr.org.in

**"सरकार ऐसा कार्यबल बनाने की दिशा में प्रयासरत है जो लिंग संतुलन दर्शाता हो एवं महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने हेतु प्रोत्साहित किया करता हो"**

विज्ञापन. संख्या. :एनआईएमआर/प्रोजेक्ट/एए/110/21/36 दिनांक: 22.09.2021

## संविदागत पदों हेतु रिक्ति अधिसूचना

**आईसीएमआर-एनआईएमआर, एनआईई परिसर, द्वितीय मैन रोड, टीएनएचबी, अयापाक्कम, चैन्नई-600077** में संविदा आधार पर निम्नलिखित पदों को भरने के लिए नीचे दिए गए प्रौजेक्ट शीर्षक के अंतर्गत आईसीएमआर-एनआईएमआर की वेबसाइटों पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में लिंक http://onlineapply.nimr.org.in/ के माध्यम से **दिनांक 8 अक्टूबर 2021, 05:00 बजे** अपराह्नन तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदनों की जांच के पश्चात, केवल अल्पसूचीबद्ध आवेदकों को ही साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रौजेक्ट शीर्षक** | **'Asymptomatic and low-density malaria parasite infection in the community and its transmission potential in Chennai, Ramanathapuram, Kanyakumari and Dharmapuri districts in Tamil Nadu, India'** | | | | |
| **तैनाती का स्थान** | **आईसीएमआर- एनआईएमआर, एनआईई कैम्पस, चैन्नई** | | | | |
| **अवधि** | **एक वर्ष, कार्य निष्पादन और परियोजना विस्तार के आधार पर बढ़ाया जा सकता है।** | | | | |
| **क्रम संख्या** | **पद का नाम** | **पद की संख्या** | **वेतन (नियत) रुपये प्रतिमाह** | **अनिवार्य/वांछनीय अर्हता एवं अनुभव** | **आयु सीमा** |
| 1 | **प्रौजैक्ट वैज्ञानिक-बी (मेडिकल)** | **01 (अनारक्षित)** | **रुपये.61,000/- + नियमानुसार एचआरए** | **अनिवार्य अर्हता:**<br>दो वर्ष के अनुसंधान/शिक्षण अनुभव के साथ एमबीबीएस डिग्री।<br>या<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से माइक्रोबायोलॉजी/पैथोलॉजी/पीएसएम में एमडी।<br>**वांछनीय अर्हता:**<br>•पर्यावरणीय और रोगवाहक नियंत्रण अध्ययनों/रोगवाहक जनित रोगों में सामुदायिक | 35 वर्ष |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | क्रॉस-सेक्शनल अध्ययन (क्षेत्र) में अनुभव।<br>• रोगियोंअध्ययन प्रतिभागियों की नैदानिक जांच में प्रकोप जांच और एक चिकित्सक के रूप में अनुभव।<br>• समुदाय आधारित अध्ययनों, रोगवाहक जनित रोगों, प्रकोप जांच आदि में समकक्ष द्वारा समीक्षा किए गए प्रकाशन।<br>• दूरदराज के क्षेत्रों के साथ-साथ प्रयोगशाला में भी काम करने की इच्छा।<br>• कंप्यूटर एप्लीकेशन्स/टैबलेट डेटा रिकॉर्डिंग का ज्ञान।<br>• वैज्ञानिक पांडुलिपियों को स्वतंत्र रूप से लिखने का पर्याप्त अनुभव।<br><br>**<u>ड्यूटी की प्रकृति:</u>**<br>1. तमिलनाडू में 4 स्थानिक जिलों (चेन्नई, रामनाथपुरम, धर्मपुरी और कन्याकुमारी) में सामुदायिक क्रॉस-सेक्शनल अध्ययन में प्रतिभागियों को व्यवस्थित करना, उनकी जांच करना और समन्वय करना।<br>2. प्रतिभागियों/विषयों के नामांकन की योजना बनाना और उसे क्रियान्वित करना।<br>3. नामांकन में उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए समुदाय के साथ समन्वय।<br>4. नामांकित प्रतिभागियों में उत्पन्न किसी भी प्रतिकूल घटना की स्थिति में मलेरिया दवा प्रदान करना और प्रबंधन।<br>5. विषय/प्रतिभागी नामांकन और अनुवर्ती कार्रवाई के लिए जिला स्वास्थ्य अधिकारियों/पीएचसी के साथ संपर्क।<br>6. मामला नामांकन, डेटा विश्लेषण और रिपोर्ट लेखन का दस्तावेजीकरण।<br>7. प्रधान अन्वेषक/निदेशक द्वारा सौंपा गया कोई अन्य परियोजना संबंधी कार्य। | |
| 2 | **सीनियर प्रौजेक्ट रिसर्च फैलो (एसआरएफ)** | 01 (ओबीसी) | रुपये.35,000/- + नियमानसार एचआरए | **<u>अनिवार्य अर्हता:</u>** बेसिक विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री या व्यावसायिक पाठ्यक्रम में स्नातकोत्तर डिग्री के साथ दो वर्ष का अनुसंधान अनुभव<br>**<u>वांछनीय अर्हता:</u>**<br>• समुदाय आधारित क्षेत्रीय सर्वेक्षण (क्रॉस-सेक्शनल और रोगवाहक जैविक अध्ययन) में पर्याप्त अनुभव।<br>• मानव और मच्छरों में मलेरिया परजीवियों का आणविक पता लगाने, मेम्ब्रेन फीडिंग बायोसे, सीएस-एलिसा, काउंटर करंट इम्यूनोइलेक्ट्रोफोरेसिस आदि | 35 वर्ष |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | जैसी प्रयोगशाला तकनीकों में अनुसंधान अनुभव (हैंडस-ऑन)।<br>• मलेरिया और मच्छर रोगवाहकों में प्रकाशनों की समकक्ष समीक्षा।<br>• अंग्रेजी में निपुणता और वैज्ञानिक पांडुलिपियां लिखने का अनुभव।<br>**डयूटी की प्रकृति:**<br>1. तमिलनाडु में 4 स्थानिक जिलों (चैन्नई रामनाथपुरम, कन्याकुमारी और धर्मपुरी) में सामुदायिक क्रॉस सेक्शनल अध्ययन में प्रतिभागियों के नामांकन में सहायता करना।<br>2. सभी 4 स्थानिक जिलों/स्थलों में समुदाय में कम घनत्व वाले मलेरिया परजीवी (आणविक पहचान) का पता लगाना।<br>3. मलेरिया रोगवाहकों में कम घनत्व वाले मलेरिया परजीवियों के बायोएसे को पोषित करने वाली झिल्ली में सक्रिय भागीदारी।<br>4. ओसिस्ट (संक्रमण) और स्पोरोज़ोइट (संक्रमण) विकास को रिकॉर्ड करने के लिए रोगवाहक मच्छरों में मलेरिया परजीवी विकास की जांच करना।<br>5. डेटा विश्लेषण और रिपोर्ट तैयार करना।<br>6. प्रधान अन्वेषक/निदेशक द्वारा सौंपा गया कोई अन्य परियोजना संबंधी कार्य। | |
| 3 | **प्रौजेक्ट सहायक** | 01<br>( अनारक्षित) | **रुपये** 31,000/- | **अनिवार्य अर्हता :**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विज्ञान/प्रासंगिक विषयों में स्नातक/किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से तीन वर्ष का कार्य अनुभव।<br>या<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में स्नातकोत्तर डिग्री।<br>वांछनीय अर्हता :<br>• जीवन विज्ञान/जैव प्रद्योगिकी/ सूक्ष्म जीव विज्ञान/ सार्वजनिक स्वास्थ्य कीट विज्ञान में एमसएसी के साथ रोगवाहक निगरानी और / या रोगवाहक जैविक अध्ययन से संबंधित प्रयोगशाला कार्यों में क्षेत्रीय अनुभव।<br>• कंप्यूटर एप्लीकेशन्स/टैबलेट डेटा रिकॉर्डिंग का ज्ञान।<br>• दूरदराज के क्षेत्रों के साथ-साथ प्रयोगशाला में भी काम करने की इच्छा।<br>• वैज्ञानिक संप्रेषणीय कौशल के साथ अंग्रेजी में प्रवाह कौशल। | 30 वर्ष |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **<u>ड्यूटी की प्रकृति:</u>**<br>1. तमिलनाडू में 4 स्थानिक जिलों (चेन्नई, रामनाथपुरम, धर्मपुरी और कन्याकुमारी) में रक्त के नमूनों के एकत्रीकरण में सक्रिय भागीदारी और सामुदायिक क्रॉस सेक्शनल अध्ययन में प्रतिभागियों का नामांकन।<br>2. सभी 4 स्थानिक जिलों/स्थलों में समुदाय में कम घनत्व वाले मलेरिया परजीवियों की आणविक पहचान में शामिल होना।<br>3. मच्छर वाहकों में कम घनत्व वाले मलेरिया परजीवियों के बायोएसे को पोषित करने वाली झिल्ली में शामिल होना।<br>4. ओसिस्ट (संक्रमण) और स्पोरोज़ोइट (संक्रमण) विकास को रिकॉर्ड करने के लिए रोगवाहक मच्छरों में परजीवी विकास के अध्ययन में शामिल होना।<br>5. डीएनए निष्कर्षण और पीसीआर जैसे प्रयोगशाला कार्यों में शामिल होना।<br>6. डेटा की सफाई और रिपोर्ट लिखने में सहायता करना।<br>7. प्रधान अन्वेषक/निदेशक द्वारा सौंपा गया कोई अन्य परियोजना संबंधी कार्य। | |
| 4 | **प्रौजेक्ट तकनीशियन** - III | 02<br>(1 ओबीसी, 01अनारक्षित) | रुपये.18,000/- | विज्ञान विषयों में 12वीं पास और मेडिकल प्रयोगशाला प्रौद्योगिकी या पीएमडब्ल्यू या रेडियोलॉजी/रेडियोग्राफी या संबंधित विषय में दो वर्षीय डिप्लोमा या एक वर्ष का डीएमएलटी + किसी मान्यता प्राप्त संगठन में एक वर्ष का आवश्यक अनुभव या सरकारी मान्यता प्राप्त संगठन में दो वर्ष का क्षेत्रीय/प्रयोगशाला या एनिमल हाउस कीपिंग का अनुभव।<br><br>**टिप्पणी** : बीएससी डिग्री को 3 वर्ष के अनुभव के समकक्ष माना जाएगा।<br>वांछनीय अर्हता :<br>• रक्त के नमूनों को शामिल करते हुए सामुदायिक क्रॉस-सेक्शनल अध्ययन, डेटा संग्रह/प्रयोगशाला प्रयोगों में क्षेत्र का अनुभव।<br>• मानव विषयों से रक्त के नमूने लेने के अलावा रक्त स्मीयर स्टेनिंग और मलेरिया परजीवियों की सूक्ष्म जांच में पर्याप्त अनुभव। | 30 वर्ष |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | • टैबलेट में कंप्यूटर एप्लिकेशन/डेटा रिकॉर्डिंग का ज्ञान।<br>•तमिल के अलावा अंग्रेज़ी में पढ़ने, लिखने और बोलने में सक्षम।<br>ड्यूटी का प्रकार :<br>1. तमिलनाडु में 4 स्थानिक जिलों (चैन्नई रामनाथपुरम, धर्मपुरी और कन्या कुमारी) में सामुदायिक क्रॉस सेक्शनल अध्ययन में प्रतिभागियों/विषयों के नामांकन में सक्रिय भागीदारी।<br>2. सभी अध्ययन स्थलों/स्थानिक जिलों में प्रतिभागियों/अध्ययन विषयों से रक्त के नमूने एकत्र करना।<br>3. मलेरिया परजीवियों के रक्त स्मीयर और सूक्ष्म परीक्षण को स्टेन करना।<br>4. समुदाय आधारित क्रॉस-सेक्शनल अध्ययन के लिए फील्ड सामग्री की व्यवस्था करना और सामग्री का स्टॉक रखना।<br>5. प्रयोगशाला आधारित प्रयोगों में सहायता करना, जैसे- रोगवाहक मच्छरों के झिल्ली को पोषित करने वाले बायोएसे, कम घनत्व वाले मलेरिया परजीवियों के संक्रामक अध्ययन और रोगवाहक निर्धारण।<br>**अनिवार्य अर्हता:**<br>6. निदेशक/पीआई/वरिष्ठ अधिकारी द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य। | |
| 5 | **मल्टी टास्किंग स्टॉफ (एमटीएस)** | 01 (ओबीसी) | रुपये.15,800/- | **अनिवार्य अर्हता:**<br>हाईस्कूल या समकक्ष<br><br>**वांछनीय अर्हता:**<br>1. ड्राइविंग लाइसेंस धारक और तमिलनाडु के दूरदराज के क्षेत्रों/गांवों में सावधानी से गाड़ी चलाने में सक्षम।<br>2. जनहित में परियोजना के अनुसार दिन के किसी भी समय ड्राइव करने की इच्छा।<br>3. वाहन का रख-रखाव और जरुरत पड़ने पर मामूली मरम्मत करने में समर्थ। | 25 वर्ष |

**भर्ती प्रक्रिया:**

1. आयु मापदंड और अपेक्षित शैक्षणिक अर्हताएं, अनुभव रखने वाले उम्मीदवार लिंक http://onlineapply.nimr.org.in के माध्यम से **दिनांक 08 अक्टूबर 2021 को अपराहन 5 बजे तक आवेदन पत्र भर सकते हैं, उसके बाद यह लिंक स्वत: ही निष्क्रिय हो जाएगा।**

2. अल्प सूचीबद्ध उम्मीदवारों को ई-मेल द्वारा एनआईएमआर, दिल्ली में साक्षात्कार के संबंध में सूचित किया जाएगा।उम्मीदवार विज्ञापन से संबंधित अद्यतन जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देख सकते हैं।
3. साक्षात्कार हेतु उम्मीदवारों को अल्पसूचीबद्ध करना शैक्षिक योग्यता और अनुभव के आधार पर किया जाएगा। हालांकि, यदि अल्पसूचीबद्ध किए गए उम्मीदवारों की संख्या अधिक है और उन सभी को बुलाना संभव नहीं है, तो नियुक्ति प्राधिकारी उम्मीदवारों को अलपसूचीबद्धकरने के लिए एक उपयुक्त मानदंड निश्चित कर सकता है।
4. उम्मीदवार का चयन साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर होगा.
5. उम्मीदवारों को चयनित होने पर कार्य ग्रहण के समय अपनी आयु, शैक्षणिक अर्हताओं, अनुभवों, प्रशस्तिपत्रों आदि के प्रमाण की यथाविधि स्व-सत्यापित प्रतियां प्रस्तुत करनी होंगी।
6. चयनित उम्मीवार को कार्यभार ग्रहण के समय उल्लेखित सभी मूल दस्तावेज लाने होंगे।

## नियम और शर्तें:

1. अपूर्ण आवेदन पत्रों, निर्धारित प्रारूप में नहीं भरे गए एवं बिना फोटो और हस्ताक्षर के या अंतिम तिथि के बाद आवेदन प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र को सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा।
2. गलत या असत्य जानकारी प्रस्तुत करने से भर्ती प्रक्रिया की किसी भी अवस्था में उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
3. एक से अधिक पद हेतु आवेदन करने की स्थिति में, प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग आवेदन पत्र भरने होंगे।
4. प्रोजेक्ट कर्मचारी को भविष्य निधि, छुट्टी यात्रा रियायत, चिकित्सा दावा, सीसीए आदि किसी भी प्रकार का लाभ नहीं दिया जाएगा।
5. शैक्षणिक अर्हता और अनुभव संबंधित विषय/क्षेत्र में होने के साथ सक्षम प्राधिकारी द्वारा मान्यता प्राप्त एक प्रतिष्ठित संस्थान/संगठन से होना चाहिए।
6. पद हेतु निर्धारित न्यूनत्तम अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता के पूर्ण होने के बाद ही अनुभव गिना जाएगा।
7. आयु-सीमा के लिए अंतिम तिथि को आवेदन प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि से विचार किया जाएगा।
8. अनारक्षित पद हेतु भारत सरकार के आदेशानुसार कोई आयु सीमा छूट स्वीकार्य नहीं होगी।
9. आरक्षित उम्मीद्वारों के लिए उदिद्ष्ट पद हेतु आयु सीमा में छूट भारत सरकार के नियमानुसार दी जाएगी।
10. आरक्षित सूची के उम्मीद्वारों को डीओपीटी/भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों अनुसार अपना नवीनत्तम वैध जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।
11. **निदेशक, एनआईएमआर के पास बिना कारण बताए किसी भी आवेदन को स्वीकार /अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है और इस मामले में किसी प्रकार का पत्राचार/सिफारिश पर विचार नहीं किया जाएगा।**
12. निदेशक, एनआईएमआर को वेबसाइट पर विज्ञापित किसी भी पद को भरने या न भरने का अधिकार सुरक्षित है ।
13. यदि उम्मीदवार चयनित हुआ तो उसको कार्यभार ग्रहण करने के समय उनकी जन्म तिथि का प्रमाण, शैक्षणिक अर्हता, अनुभव प्रमाण पत्र, प्रशस्ति पत्र आदि दस्तावेजों की स्व सत्यापित प्रतियों को प्रस्तुत करना होगा।
14. अल्प सूचीबद्ध और रोजगार के लिए किसी भी प्रकार का बाहरी या आंतरिक दबाव और प्रभाव डालने वाले उम्मीदवारों को अयोग्य मान लिया जाएगा और उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से हटा दिया जाएगा।
15. केवल अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता/अनुभव को पूरा करना चयन की गारंटी नहीं है।

16. चूंकि उल्लेखित पदों को पूर्णतः अस्थायी और अनुबंध आधार पर भरा जाना है, उम्मीदवार को आईसीएमआर-एनआईएमआर के तहत किसी भी प्रकार के स्थायी रोजगार के लिए दावा करने या किसी अन्य परियोजना में उसकी सेवाओं को जारी रखने का कोई अधिकार नहीं होगा।
17. निदेशक, आईसीएमआर-एनआईएमआर के पास प्रतीक्षासूचीबद्ध उम्मीद्वार का एक पैनल बनाने का अधिकार सुरक्षित है जो कि एक वर्ष तक मान्य होगा।
18. साक्षात्कार में उपस्थित होने और पद का कार्यभार ग्रहण करने हेतु कोई टीए/डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा और उम्मीद्वारों को साक्षात्कार के दौरान और कार्यभार ग्रहण करने के बाद, यदि चयन हो तो, रहने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
19. उम्मीदवार जो पहले ही किसी केंद्र/राज्य सरकार/स्वायत/विभाग/पीएसयू में नियमित आधार पर कार्यरत है, वो आवेदन करने हेतु पात्र नहीं हैं।
20. चयनित उम्मीद्वार को आईसीएमआर दिशानिर्देश अनुसार छुट्टी देय होगी।
21. चयनित उम्मीद्वार को आरंभ में प्रस्तावित अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा और उसके प्रदर्शन व प्रोजेक्ट के कार्यकाल, धन की उपलब्धता, कार्यात्मक आवश्यकता के आधार पर समीक्षा के बाद आगे भी उसकी नियुक्ति जारी रह सकती है।
22. उपर्युक्त रिक्तियाँ, नोटिस के संबंध में कुछ जोड़/भूल-सुधार केवल https://main.icmr.nic.in/ एवं https://nimr.icmr.org.in/ वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। कोई भी पृथक अधिसूचना प्रेस में जारी नहीं की जाएगी। आवेदकों से अनुरोध है कि कृपया नियमित रूप से वेबसाइट (https://main.icmr.nic.in/ एवं https://nimr.icmr.org.in/ देखते रहे और अपने आप को अद्यतित रखें।
23. आईसीएमआर-एनआईएमआर के संबंध में सूचना वेबसाइट https://main.icmr.nic.in/ एवं https://nimr.icmr.org.in/ पर देखी जा सकती है।

**निदेशक**
**आईसीएमआर-एनआईएमआर**

**आईसीएमआर एवं एनआईएमआर वेबसाइट पर 22.09.2021 को प्रकाशित**